**Energy Department of Rajasthan recruits 928 Posts soon**

**अजमेर**

ऊर्जा विभाग ने राज्य की पांचों विद्युत कम्पनियों में एईएन, जेईएन, जेईएन केमिस्ट के 928 पदों पर भर्ती के स्वीकृति जारी कर दी है। हालांकि विद्युत कम्पनियों की ओर से 1630 पदों के लिए भर्ती की अभ्यर्थना भेजी थी, लेकिन वित्त विभाग ने 938 पदों की ही सहमति दी। आरवीयूएन, आरवीपीएन, जेवीवीएनएल, एवीवीएनएल तथा जेडीवीवीएनएल में कुल 248 पदों पर एईएन की भर्ती होगी।

इन्हीं कम्पनियों में जेईएन के 657 पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि बिजली कम्पनियों की ओर से जेईएन के 1335 पदों का प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा गया था, लेकिन मंजूरी 657 पदों को ही मिली। इनके अलावा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (आरवीयूएन) में जेईएन केमिस्ट के 23 पदों पर भर्ती होगी। यह भर्तियां आगामी वर्ष में डिसइनवेस्टमेंट/डिस्ट्रीब्यूशन फ्रैन्चायजी/डिस्ट्रीब्यूशन की वस्तुस्थिति व समीक्षा के बाद ही शेष पदों को भरने की सहमति के लिए ही प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे।